प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1500बजे

राष्ट्रपति मानवाधिकार दिवस

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारत एक ऐसा राष्ट्र बनने के लिए प्रतिबद्ध है जहां मानवाधिकारों की न केवल रक्षा की जाती है बल्कि उनका सम्मान भी किया जाता है। नई दिल्ली में मानवाधिकार दिवस 2025 और दैनिक आवश्यकताओं को सुनिश्चित करने पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि गरिमा पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता और किसी को भी उसके अधिकारों से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि मानवाधिकार दिवस एक न्यायपूर्ण, समतावादी और करुणामय समाज की पृष्ठभूमि तैयार करता है। उन्होंने कहा कि न्याय मिलना प्रत्येक व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार होना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने मानवाधिकारों के वैश्विक ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राष्ट्रपति ने कहा कि देश के स्वतंत्रता सेनानियों ने मानवीय गरिमा, समानता और न्याय पर आधारित विश्व की कल्पना की थी। मानवाधिकार दिवस 1950 से प्रतिवर्ष 10 दिसंबर को मनाया जाता है।

.........................................................

यूनेस्को

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किए जाने से भारत और विश्वभर के लोग रोमांचित हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि दीपावली भारत की संस्कृति और मूल्यों से गहराई से जुड़ी हुई है। उन्होंने इस त्योहार को देश की सभ्यता की आत्मा बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह त्योहार ज्ञान व धर्म का प्रतीक है और यूनेस्को की सूची में शामिल होने से इसकी वैश्विक पहचान, लोकप्रियता और बढ़ेगी। नरेंद्र मोदी ने कामना की कि प्रभु श्री राम के आदर्श अनंत काल तक मानवता का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

.........................................................

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने चुनावी वायदों से आगे बढ़कर काम किया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि सरकार ने छह गारंटियां पूरी कर ली हैं और शेष गारंटियों को जल्द पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते तीन साल के कार्यकाल में राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को दो हजार 27 में आत्मनिर्भर और 2 हजार 32 तक देश का समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में सरकार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर कुछ कड़े फैसले लिए गए हैं जिनके भविष्य में सकारात्मक परिणाम आएंगे।

..........................................................

जन संकल्प सम्मेलन

प्रदेश सरकार द्वारा मंडी के पड्डल मैदान में कल आयोजित होने वाले जन संकल्प सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर है। मंडी में इस सम्मेलन की तैयारियों का जायज़ा लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि ये सम्मेलन प्रदेश की नीतियों, उपलब्धियों और विकास की दिशा को जनता के सामने प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण अवसर है। हमारे मंडी जिला संवाददाता ने बताया कि जन संकल्प रैली को लेकर सियासी सरगर्मी भी तेज हो गई है।

मंडी में कांग्रेस की "जन संकल्प रैली" को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के अवसर पर 11 दिसंबर को मंडी के पड्डल मैदान में विशाल जनसभा आयोजित की जा रही है। इस रैली में प्रदेशभर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में आम लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री सहित सरकार के सभी मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता मंच साझा करेंगे। नव नियुक्त प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने भी मंडी पहुंचकर पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और रैली को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आपदा के कठिन समय में सरकार की तत्परता और राहत कार्यों को जनता के सामने रखा जाएगा, खासकर मंडी जैसे सबसे अधिक प्रभावित जिलों में सरकार के काम को प्रमुखता से बताया जाएगा।

..........................................................

जयराम

दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार जमीनी हकीकत को नज़रअदाज करते हुए मंडी में आयोजित किए जाने वाले जश्न पर करोड़ों रूपए खर्च कर रही है। मंडी से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि आपदा के पांच महीने बीत जाने के बाद भी सराज क्षेत्र की 15 पंचायतों के लोगों को आज भी पीठ पर सामान लादकर दुर्गम गांवों तक पहुंचना पड़ रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री को मंडी रैली में अपनी उन गारंटियों पर भी जनता के बीच अपनी बात रखनी चाहिए जिनके सहारे कांग्रेस ने सत्ता हासिल की है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आपदा को लेकर गंभीर नहीं है।

..........................................................

मौसम

प्रदेश में बीते लंबे समय से शुष्क मौसम का दौर लगातार जारी है। साफ मौसम के बावजूद प्रदेश में सुबह–शाम के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है और जनजातीय क्षेत्रों में प्राकृतिक जल स्रोत

जमने से लोगों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 12 दिसंबर को राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व बारिश होने का अनुमान लगाया है। उधर बर्फबारी की चाह में पर्यटन स्थलों में पर्यटक उमड़ने शुरू हो गए हैं। कुल्लू से हमारे संवाददाता ने बताया कि बड़ी संख्या में सैलानी पर्यटन स्थलों का रूख कर रहे हैं।

...........................................................